Marking Scheme **Strictly Confidential** **(For Internal and Restricted use only)** **Senior Secondary School Supplementary Examination, 2026** **SOCIOLOGY(039) Q.P. CODE 62/7**	
General Instructions: -	
1	You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully.
2	**"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."**
3	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In class-XII, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after deliberation and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.

10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0) Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

MARKING SCHEME
SOCIOLOGY (Subject Code- 039)
(PAPER CODE: 62) (P62039)

Q.No.	EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS	Marks
	SECTION – A	
1.	(A)	**1**
2.	(B)	**1**
3.	(D)	**1**
4.	(A)	**1**
5.	(B)	**1**
6.	(A)	**1**
7.	(C)	**1**
8.	(A)	**1**
9.	(C)	**1**
10.	(D)	**1**
11.	(C)	**1**
12.	(B)	**1**
13.	(C)	**1**
14.	(C)	**1**
15.	(D)	**1**
16.	(C)	**1**
	SECTION – B	
17. **उत्तर**	जनसंख्या की आयु संरचना से तात्पर्य है कि कुल जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्गों में संबंधित व्यक्तियों का अनुपात क्या है। छोटी आयु के वर्गों में जनसंख्या के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से और बड़ी आयु के वर्गों में बड़े हिस्से पाए जाते हैं। इस स्थिति को जनसंख्या का बूढ़ा होना भी कहा जाता है। क्या वृद्ध होती जनसंख्या वरदान है या अभिशाप? अपने कथन को उचित ठहराने के लिए दो कारण बताइए। बढ़ती उम्र की आबादी सिर्फ़ इसलिए एक अभिशाप हो सकती है क्योंकि- • कामकाजी आबादी पर बड़ी संख्या में आश्रित आबादी का बोझ।	**1+1=2**

	• आश्रितों की संख्या बढ़ जाने से कार्यशील आयु वाले लोगों का अनुपात अपेक्षाकृत छोटा हो जाता है जो आश्रितों का बोझ ढोने में कठिनाई महसूस करता है। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	
18. **उत्तर**	(क) हालाँकि यह राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है, पर राज्य राष्ट्र और उसके लोगों से हटकर अपनी स्वतंत्र स्थिति भी बना सकता है। इस हद तक कि राज्य संरचना लोगों से पृथक हो जाते हैं, यह सत्तावादी बनने की संभाविता भी रखता है। एक सत्तावादी राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है। किन्हीं दो उपयुक्त उदाहरणों से इस कथन का समर्थन कीजिए। • एक सत्तावादी राज्य में लोगों की आवाज़ नहीं सुनी जाती और जिनके पास शक्ति होती है वे किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होते। • सत्तावादी राज्य अक्सर भाषण की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, राजनीतिक क्रियाकलाप की स्वतंत्रता, सत्ता के दुरुपयोग से संरक्षण का अधिकार, विधि (कानून) की अपेक्षित प्रक्रियाओं का अधिकार जैसी अनेक प्रकार की नागरिक स्वतंत्रताओं को अक्सर सीमित या समाप्त कर देते हैं। • इस बात की संभावना भी रहती है कि राज्य की संस्थाएँ भ्रष्टाचार, अकुशलता अथवा संसाधनों की कमी के कारण, लोगों की ज़रूरतों के बारे में सुनवाई करने के लिए अक्षम अथवा अनिच्छुक हो जाएँ। (कोई दो) (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण)	**1+1=2**
	अथवा	
उत्तर	(ख) धर्मनिरपेक्ष और धर्मनिरपेक्षता के भारतीय अर्थों में उनके पश्चिमी भावार्थ तो शामिल हैं ही, पर उनमें कुछ और भाव भी जुड़े हैं। उपयुक्त उदाहरणों सहित कथन का समर्थन कीजिए। • रोजमर्रा की भाषा में, धर्मनिरपेक्ष का सर्वाधिक सामान्य प्रयोग 'सांप्रदायिक' के बिल्कुल विपरीत यानी विलोम के रूप में किया जाता है। • एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति या राज्य वह होता है जो किसी विशेष धर्म का अन्य धर्मों की तुलना में पक्ष नहीं लेता। • इस भाव में धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का विरोधी भाव है और इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव होना जरूरी नहीं होता। • राज्य और धर्म के पारस्परिक संबंधों की दृष्टि से, धर्मनिरपेक्षता का यह भाव सभी धर्मों के प्रति समान आदर का द्योतक होता है, न कि अलगाव या दूरी का। • उदाहरण के लिए, धर्मनिरपेक्ष भारतीय राज्य सभी धर्मों के त्यौहारों के अवसर पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित करता है। (कोई दो) (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण)	**1+1=2**
19. **उत्तर**	पारंपरिक तौर पर जातियाँ व्यवसाय से जुड़ी होती थीं। इस नियम से जुड़े दो निषेध बताइए। • एक जाति में जन्म लेने वाला व्यक्ति उस जाति से जुड़े व्यवसाय को ही अपना सकता था, अतः वह व्यवसाय वंशानुगत थे । • यह पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होते थे। • एक विशेष व्यवसाय को किसी जाति से जुड़े होने की वजह से उसी जाति के लोग अपना सकते थे। • किसी दूसरी जातियों के सदस्य वह काम नहीं कर सकते थे।	**1+1=2**
20. **उत्तर**	औपनिवेशिक शासन के द्वारा 1860 के दशक के प्रारंभिक भाग में भारत में व्यापार का एक सामान्य तरीका क्या था? व्याख्या कीजिए। औपनिवेशिक शासन द्वारा स्थापित व्यापार का सामान्य पैटर्न ऐसा था जिसके तहत-	**1+1=2**

	• कच्चे माल का उत्पादन भारत में किया जाता था। • सामान का निर्माण 'युनाइटेड किंगडम' में होता और उसे उपनिवेश में बेचा जाता था। • इसीलिए इन कारखानों को बंदरगाह वाले शहरों कलकत्ता (कोलकाता) और बंबई (मुंबई) में स्थापित किया गया। बाद में एसे कारखानों को मद्रास (चेन्नई) में भी स्थापित किया गया । • आसाम में चाय बागानों को लगाने का काम 1839 के आसपास हुआ। (कोई दो)	
21. **उत्तर**	प्रवासी कृषि मजदूरों की बढ़ोतरी ग्रामीण समाज का एक अन्य महत्त्वपूर्ण परिवर्तन है जो कृषि के व्यापारीकरण से जुड़ा है। इन प्रवासी कृषि मजदूरों के कार्य तथा जीवन दशाएँ क्यों खराब हो जाती हैं? • ब्रेमन (1982) का अध्ययन बताता है कि भूमिहीन मज़दूरों के पास बहुत से अधिकार नहीं होते, उदाहरण के लिए उन्हें अक्सर न्यूनतम मज़दूरी भी नहीं दी जाती है। • धनी किसान अक्सर फसल काटने तथा इसी प्रकार की अन्य गहन कृषि क्रियाओं के लिए स्थानीय कामकाजी वर्ग के स्थान पर, प्रवासन करने वाले मज़दूरों को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि प्रवासन करने वाले मज़दूरों का आसानी से शोषण किया जा सकता है तथा उन्हें कम मज़दूरी भी दी जा सकती है। • प्रवासन तथा काम की सुरक्षा के अभाव से इन मज़दूरों के कार्य तथा जीवन दशाएँ खराब हो जाती हैं। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु) (कोई दो)	**1+1=2**
22. **उत्तर**	(क). भारत सरकार द्वारा संचालित कुछ कार्यक्रमों ने पूरे देश में किसानों के लिए एकीकृत सहायता के मार्ग खोले हैं। इन कार्यक्रमों के उदाहरण दीजिए। • 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' • 'ग्राम उदय से भारत उदय' अभियान • 'नेशनल अरबन मिशन' • सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन • किसान क्रेडिट कार्ड (कोई दो) (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण)	**1+1=2**
	अथवा	
उत्तर	(ख). कुछ राज्य विकास की भिन्न प्रक्रिया से गुजरे, जिसमें राजनीतिक गतिशीलता, पुनर्वितरण के साधन तथा बाह्य अर्थव्यवस्था से जुड़ाव ने ग्रामीण परिवेश में भरपूर बदलाव किया। एक उदाहरण की सहायता से इस परिवर्तन को उजागर कीजिए। • केरल में ग्रामीण क्षेत्र मूल रूप से कृषि प्रधान होने के बजाए मिश्रित अर्थव्यवस्था वाला है जिनमें कुछ कृषि कार्य खदुरा विक्रय तथा सेवाओं के एक विस्तृत संजाल के साथ जुड़ा हुआ है। • जहाँ एक बड़ी संख्या में परिवार विदेश से भेजे जाने वाले धन पर निर्भर हैं। (कोई अन्य उपयुक्त उदाहरण)	**1+1=2**

23. **उत्तर**	बेंगलुरु, हैदराबाद और गुरुग्राम जैसे स्थानों में दुकानों और रेस्तराँओं ने अपने खुलने का समय बदल दिया है। इस बदलाव के पीछे क्या कारण हैं? • औसतन 10–12 घंटे का कार्यदिवस, और रातभर कार्य करने वाले कर्मचारी भी असामान्य बात नहीं हैं, जब उनकी परियोजना की अंतिम सीमा आ जाती है। • लंबे कार्य घंटों का होना एक उद्योग की केंद्रीय 'कार्य संस्कृति' होती है। • इन कार्य घंटों के परिणामस्वरूप जहाँ बहुत-सी आई.टी. कंपनियाँ और कॉल सेंटर हैं दुकानों और रेस्तराओं ने भी अपने खलुने का समय बदल दिया है।	**1+1=2**
24. **उत्तर**	अर्थशास्त्रियों एवं अन्यों ने अकसर संगठित या औपचारिक और असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्रों के मध्य अंतर स्थापित किया है। संगठित तथा असंगठित क्षेत्रों के बीच के अंतर को दर्शाते हुए दो बिंदु बताइए। • असंगठित क्षेत्र के विपरीत, संगठित क्षेत्र में वे सभी इकाइयाँ शामिल हैं जो पूरे साल दस या उससे ज़्यादा लोगों को रोज़गार देती हैं। • संगठित क्षेत्र में इकाइयों का सरकार के पास पंजीकृत होना ज़रूरी है, जबकि असंगठित क्षेत्र में ऐसा ज़रूरी नहीं है। • संगठित क्षेत्र यह पक्का करता है कि कर्मचारियों को सही वेतन या मज़दूरी, पेंशन और दूसरे फ़ायदे मिलें, जो असंगठित क्षेत्र में नहीं होता। (कोई दो) (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	**1+1=2**
25. **उत्तर**	औपनिवेशिक काल के दौर में सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में और विशेष रूप से जाति व्यवस्था में प्रमुख परिवर्तन आए। विस्तारपूर्वक समझाइए। • जाति के बारे में जानकारी एकत्र करने की सबसे अहम सरकारी कोशिश जनगणना के ज़रिए हुई। 1860 के दशक में शुरू हुई जनगणना, 1881 से ब्रिटिश भारतीय सरकार द्वारा हर दस साल में की जाने वाली एक नियमित प्रक्रिया बन गई। • हरबर्ट रिजले की देखरेख में हुई 1901 की जनगणना खास तौर पर अहम थी क्योंकि इसमें जाति के सामाजिक अधिक्रम के बारे में जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की गई थी। • इस कोशिश का जाति के बारे में सामाजिक सोच पर बहुत बड़ा असर पड़ा और अलग-अलग जातियों के प्रतिनिधियों ने जनगणना आयुक्त को सैकड़ों अर्जियां भेजीं, जिनमें सामाजिक क्रम अपनी जाति अधिक ऊँचा स्थान देने की मांग की • इस तरह के हस्तक्षेप से पहले जाती की पहचान अपेक्षाकृत बहुत अधिक अस्थिर तथा काम कठोर थी; लेकिन जब उनकी गिनती और रिकॉर्डिंग शुरू हुई, तो जाति को एक नया रूप मिलने लगा। • प्रशासन ने दबी-कुचली जातियों - जिन्हें उस समय 'दलित वर्ग' कहा जाता था - के कल्याण में भी दिलचस्पी दिखाई। • भारत सरकार अधिनियम, 1935 पास किया गया, जिसने उन जातियों और जनजातियों की सूचियों या 'शेड्यूल' को कानूनी मान्यता दी, जिन्हें सरकार की ओर से खास सुविधाएँ दी जानी थी। (कोई दो)	**1+1=2**
	खण्ड - ग	
26. **उत्तर**	स्वातंत्र्योत्तर काल में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपांतरण हुए, विशेषतः उन क्षेत्रों में जहाँ हरित क्रांति लागू हुई। उन बदलावों के पीछे क्या कारण थे? • हरित क्रांति में HYV बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मशीनों का इस्तेमाल शुरू हुआ, जिससे खेती की पैदावार बहुत बढ़ गई और खेती ज़्यादा सघन हो गई।	**1x4=4**

	• हरित क्रांति वाली फसलें बहुत मुनाफ़े वाली थीं। जिन किसानों ने बाज़ार के लिए ज़रूरत से ज़्यादा अनाज उगाया, उन्होंने ज़्यादा कमाई की, जिससे खेती तेज़ी से बाज़ार-केंद्रित होती गई। • ट्रैक्टर, टिलर, थ्रेशर और हार्वेस्टर के इस्तेमाल ने खेती के काम के तौर-तरीकों को बदल दिया और पारंपरिक सेवा देने वाले जाति समूहों को विस्थापित कर दिया। • व्यावसायिक खेती और मज़दूरी पर आधारित रोज़गार के बढ़ने से पारंपरिक बंधुआ मज़दूरी (पुश्तैनी) वाले रिश्ते कमज़ोर पड़ गए, जिससे स्वतंत्र मज़दूरों का उदय हुआ। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	
27. **उत्तर**	अधिक मशीनों वाले उद्योगों में, कम लोगों को काम दिया जाता है, लेकिन जो होते हैं उन्हें भी मशीनी गति से काम करना होता है। मारुति उद्योग लिमिटेड में प्रत्येक कर्मचारी 40 की आयु का होने तक पूरी तरह थक जाता है और स्वैच्छिक अवकाश ले लेता है। उपयुक्त कारणों से कथन को उचित ठहराइए। • मारुति उद्योग लिमिटेड में प्रत्येक मिनट में दो कारें तैयार होकर एकत्रित होने वाले स्थान पर आ जाती हैं। पूरे दिन में कामगारों को केवल 45 मिनट का विश्राम मिलता है— दो चाय की छुट्टियाँ साढ़े सात मिनट प्रत्येक और आधा घंटा खाने की छुट्टी। • उनमें से प्रत्येक 40 वर्ष का होने तक पूरी तरह थक जाता है और स्वैच्छिक अवकाश ले लेता है। • जबकि उत्पादन अधिक हो रहा है और कारखाने में स्थायी रूप से काम करने वालों की संख्या कम हो गई है। • कारखाने में सभी कार्य जैसे सफ़ाई, सुरक्षा, यहाँ तक कि पुर्जों का उत्पादन भी बाह्य स्रोतों से होता है। • पुर्जे देने वाले, कारखाने के आसपास ही रहते हैं प्रत्येक पुर्जे को दो घंटे या नियत समय में भेज देते है। • बाह्य स्त्रोतों से किया गया कार्य समय पर पूरा हो जाता है और कंपनी को सस्ता पड़ता है। • लेकिन इससे कामगारों में तनाव आ जाता है, अगर उनकी सप्लाई नहीं आ पाती, तो उनके उत्पादन का लक्ष्य विलंब से पूरा हो पाता है, और जब वह आ जाता है तो उसे रखने के लिए उन्हें भागदौड़ करनी पड़ती है। कोई आश्चर्य नहीं अगर ऐसा करने में वे पूरी तरह निढाल हो जाते हैं। (कोई चार)	**1x4=4**
28. **उत्तर**	भारतीय राज्य यानि भारत सरकार अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के लिए स्वतंत्रता के पूर्व से अनेक विशेष कार्यक्रम चलाती रही है। जाति और जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदमों की चर्चा कीजिए। • इसके अंतर्गत, सार्वजनिक जीवन के विभिन्न पक्षों में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के सदस्यों के लिए कुछ स्थान या सीटें अलग निर्धारित कर दी जाती हैं। • 1850 का जातीय निर्योग्यता निवारण अधिनियम जिसमें यह व्यवस्था की गई थी कि केवल धर्म या जाति के परिवर्तन के कारण ही नागरिकों के अधिकारों को कम नहीं किया जाएगा। • 93वाँ संशोधन उच्चतर शिक्षा की संस्थाओं में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू करने के लिए था। • 1989 का अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम। • संविधान ने अस्पृश्यता का उन्मूलन (अनुच्छेद 17) कर दिया और उपर्युक्त आरक्षण संबंधी उपबंध लागू किए। (कोई चार) (कोई अन्य राज्य की पहल)	**1x4=4**
29.	सैद्धांतिक तौर पर जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है। इन दो समुच्चयों के सिद्धांतों को स्पष्ट कीजिए।	

उत्तर	**भिन्नता और अलगाव-** हर जाति से यह अपेक्षित है कि वह दूसरी जाति से भिन्न हों और इसलिए वह प्रत्येक अन्य जाति से कठोरता से पृथक होती है। अतः जाति के अधिकांश धर्म ग्रंथ सम्मत नियमों की रूपरेखा जातियों को मिश्रित होने से बचाने के अनुसार बनाई गई है। **संपूर्णता और अधिक्रम-** वहीं दूसरी ओर इन विभिन्न एवं पृथक जातियों का कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है, वे एक बड़ी संपूर्णता से संबंधित होकर ही अपना अस्तित्व बनाए रख सकती है। समाज की संपूर्णता में सभी जातियाँ शामिल होती हैं। इससे भी आगे, यह सामाजिक संपूर्णता या व्यवस्था समानतावादी व्यवस्था होने की बजाय अधिक्रमित व्यवस्था है।	**2+2=4**
30. **उत्तर**	ब्रिटिश उपनिवेशवाद पूँजीवादी व्यवस्था पर आधारित था। इसने प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक व्यवस्था में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किए जिनसे ब्रिटिश पूँजीवाद का विस्तार हुआ। भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद के उदाहरण का उपयोग करते हुए पूँजीवादी दौर के साम्राज्य निर्माण को चित्रित कीजिए। • प्रत्येक नीति ब्रिटिश पूँजीवाद को मज़बूत करने और उसका विस्तार करने पर केंद्रित थी। • ब्रितानी उपनिवेशवाद ने केवल भूमि स्वामित्व के नियमों को ही नहीं बदला अपितु यह भी निर्धारित किया कि कौन सी फसल उगाई जाए और कौन सी नहीं। • इसने उत्पादन क्षेत्र को भी नहीं छोड़ा। • वस्तुओं के उत्पादन की प्रणाली और उनके वितरण के तरीकों को भी बदल दिया। • ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने ब्रिटिश पूंजीवाद के प्रसार के लिए जंगलों को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने पेड़ों की कटाई और बागानों में चाय की खेती की शुरुआत कराई। • जंगल को नियंत्रित एवं प्रशासित करने के लिए अनेक कानून भी बनाए। इससे जंगल पर आश्रित गड़रिये व ग्रामीण लोगों के जीवन में परिवर्तन आए। • नए औपनिवेशिक कानूनों के अंतर्गत ग्रामीणों, चरवाहों व गड़रियों का जंगलों में आना-जाना प्रतिबंधित कर दिया गया। अब जंगल से पशओुं के लिए चारा इकट्ठा करना दुर्लभ हो गया। (कोई चार)	**1x4=4**
31. **उत्तर**	(क) संस्कृतीकरण शब्द की उत्पत्ति एम.एन. श्रीनिवास ने की। श्रीनिवास का तर्क है कि "किसी भी समूह का संस्कृतीकरण प्रायः उसकी प्रस्थिति को स्थानीय जाति संस्तरण (धर्मतंत्र) में उच्चता की तरफ ले जाता है"। संस्कृतीकरण की प्रक्रिया को दर्शाइए। • संस्कृतीकरण का अभिप्राय उस प्रक्रिया से है जिसमें निम्न जाति या जनजाति या अन्य समूह उच्च जातियों विशेषकर, द्विज जाति की जीवन पद्धति, मूल्य, अनुष्ठान, आदर्श, विचारधाराओं का अनकुरण करते हैं। • सामान्यतया यह माना जाता है कि संस्कृतीकरण संबंधित समूह की आर्थिक अथवा राजनीतिक स्थिति में सधुार हैं। • हिंदुत्व की महान-परंपराओं का किसी स्रोत के साथ उसका संपर्क होता है परिणामस्वरूप उस समहू में उच्च चेतना का भाव उभरता हैं। महान परंपराओं का यह स्रोत कोई तीर्थ स्थल हो सकता है, कोई मठ हो सकता है अथवा कोई मतांतर वाला संप्रदाय हो सकता है। • लेकिन तीव्र असमानता वाला समाज, जैसे भारतीय समाज में, उच्च जातियों की जीवनशैली, अनुष्ठान, ज्ञान आदि को निम्न जातियों द्वारा अपनाना मुश्किल है, क्योंकि इसके लिए अनेक सामाजिक रुकावटें हैं। • पारंपरिक तौर पर उच्च जाति के लोग उन निम्न जातीय लोगों को दडिंत करते थे जो इस प्रकार की चेष्टा करने का साहस जुटा पाते थे। (कोई चार)	**1x4=4**

	अथवा	
उत्तर	(ख) संस्कृतीकरण की अवधारणा की अनेक स्तरों पर आलोचना की गई है। चर्चा कीजिए। • इस अवधारणा की आलोचना में यह कहा जाता है कि इसमें सामाजिक गतिशीलता निम्न जाति का सामाजिक स्तरीकरण में उर्ध्व गामी परिवर्तन करती है, को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। • इस अवधारणा की विचारधारा में उच्च जाति की जीवनशैली उच्च एवं निम्न जाति के लोगों की जीवनशैली निम्न है। • संस्कृतीकरण की अवधारणा एक ऐसे प्रारूप को सही ठहराती है जो दरअसल असमानता और अपवर्जन पर आधारित है • उच्च जाति के अनुष्ठानों, रिवाजों और व्यवहार को संस्कृतीकरण के कारण स्वीकृति मिलने से लड़कियों और महिलाओं को असमानता की सीढ़ी में सबसे नीचे धकेल दिया जाता है। इससे कन्या मूल्य के स्थान पर दहेज प्रथा और अन्य समूहों के साथ जातिगत भेदभाव इत्यादि बढ़ गए हैं। • दलित संस्कृति एवं दलित समाज के मूलभूत पक्षों को भी पिछड़ापन मान लिया जाता है। (कोई चार)	**1x4=4**
32. **उत्तर**	आधुनिक भारत में स्त्रियों की स्थिति का प्रश्न 19वीं सदी के मध्यवर्गीय सामाजिक सुधार आंदोलनों के एक हिस्से के रूप में उदित हुआ। इन आंदोलनों का स्वरूप सभी क्षेत्रों में एक जैसा नहीं था। इन सामाजिक आंदोलनों की प्रकृति में किस प्रकार विविधता थी, इसका औचित्य सिद्ध कीजिए। • बंगाल में राजा राममोहन राय ने 'सती' प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाया; यह पहला स्त्री संबंधी मुद्दा था जिस पर आम लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया था। • बाम्बे प्रेसिडेंसी में एम. जी. रानाडे द्वारा लिखित ग्रंथों 'दि टेक्स्टस् ऑफ़ द हिंदू लॉ ऑन द लॉफुलनेस ऑफ़ द रीमैरिज ऑफ़ विडोज' और 'वेदिक अथॉरिटीज फॉर विडो मैरिज' में विधवा विवाह के लिए शास्त्रीय स्वीकृति का विशद विवेचन किया गया। • सामाजिक दृष्टि से अपवर्जित जाति से जोतिबा फुले ने जातीय और लैंगिक दोनों प्रकार के भेदभाव के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई। ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला। • सर सैयद अहमद खान जिन्होंने मुस्लिम समाज को सुधारने के लिए प्रयत्न किए। वह चाहते थे कि लड़कियों को शिक्षित तो किया जाए पर घर की चारदीवारी के भीतर ही। • पंजाब में आर्यसमाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती ने महिलाओं को शिक्षा देने का समर्थन किया लेकिन उनका विचार था कि उनके लिए अलग किस्म की पाठ्यचर्या हो जिसके तहत धार्मिक उसूलों की शिक्षा दी जाए, घर-गृहस्थी चलाने की कलाओं और शिल्पों तथा बच्चों के पालन-पोषण का प्रशिक्षण दिया जाए। (कोई चार) (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	**1x4=4**
	SECTION - D	
33.1 **उत्तर**	(क) 'जनसांख्यिकीय लाभांश' से क्या तात्पर्य है? • 'जनसांख्यिकीय लाभांश' जनसंख्या में काम न करने वाले पराश्रित लोगों की तुलना में कार्यशील यानी कमाने वाले लोगों के अनुपात में वृद्धि के फलस्वरूप प्राप्त होता है। • आयु की दृष्टि से, कार्यशील जनसंख्या मोटे तौर पर 15 से 64 वर्ष तक की आयु की होती है। कार्यशील आयु वर्ग स्वयं अपना भरण-पोषण तो करता ही है साथ ही उसे अपने आयु वर्ग से बाहर के आयु वर्ग (यानी बच्चों और वृद्धों) को भी सहारा देना होता है जो स्वयं काम नहीं कर सकते हैं और इसलिए पराश्रित होते हैं।	**2+4=6**
33.2	(ख) हम यह कैसे कह सकते हैं कि अगले दो दशकों में भारतीय जनसंख्या की आयु संरचना में काफी परिवर्तन आने की उम्मीद है?	

उत्तर	• अगले दो दशकों में भारतीय जनसंख्या की आयु संरचना में काफ़ी परिवर्तन आने की उम्मीद है 0–14 आयु वर्ग का हिस्सा लगभग 11% घट जाएगा जबकि 60 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग में लगभग 5% की वृद्धि होगी • उसे वृद्ध लोगों की अपेक्षाकृत छोटी पीढ़ी का भरणपोषण करना पड़ रहा है। • लेकिन यह लाभ अपने आप मिलने वाला नहीं है बल्कि इसके लिए उपयुक्त नीतियों का सोच-समझकर पालन करना होगा • इस संभावना को वास्तविक संवृद्धि में तभी बदला जा सकता है जब कार्यशील आयु वर्ग में शिक्षा और रोज़गार के स्तरों में भी तदनुरूप वृद्धि होती जाए। **(नोट: दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए भी यही उत्तर है)**	
34. **उत्तर**	सामुदायिक पहचान का क्या अर्थ है? सामुदायिक पहचान की एक विशेषता है कि जैसे समूह दूसरों के बारे में सोचते हैं, दूसरे समूह भी उनके बारे में वैसा ही सोच रहे हैं। इस कथन को स्पष्ट कीजिए। • सामुदायिक पहचान, जन्म तथा अपनेपन पर आधारित होती है, न कि किसी अर्जित योग्यता या 'उपलब्धि' के आधार पर। यह 'हम क्या हैं' इस भाव की द्योतक है न कि 'हम क्या बन गए हैं'। • विवाद का प्रत्येक पक्ष सामने वाले पक्ष को शत्रु मानते हुए घृणा की दृष्टि से देखता है • उसमें अपने पक्ष के गुणों को और विरोधी पक्ष के दुर्गुणों को बढ़ा-चढ़ाकर कहने की प्रवृत्ति होती है। • जब दो राष्ट्रों के बीच युद्ध छिड़ जाता है तो प्रत्येक राष्ट्र के देशभक्त लोग विरोधी राष्ट्र को आक्रमणकारी शत्रु मानते हैं। • प्रत्येक पक्ष यह विश्वास करता है कि हम सच्चे हैं और परमेश्वर हमारे साथ है। • गरमागरमी के क्षण में दोनों ही पक्षों के लोगों के लिए यह देखना बहुत कठिन होता है कि जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, दूसरे भी तो हमारे बारे में वैसा ही सोच रहे हैं। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	**2+4=6**
35. **उत्तर**	आदिवासी आंदोलन ने झारखंड राज्य के गठन में कैसा नेतृत्व किया? • इस राज्य की स्थापना के पीछे का इतिहास एक सदी से अधिक का प्रतिरोध है। झारखंड के लिए सामाजिक आंदोलन के करिश्माई नेता बिरसा मुंडा नाम का एक आदिवासी था जिसने अंग्रेजों के विरुद्ध एक बड़े विद्रोह का नेतृत्व किया । • दक्षिण बिहार में काम कर रहे ईसाई मिशनरी इस क्षेत्र में साक्षरता के प्रसार के लिए उत्तरदायी थे। • साक्षर आदिवासियों ने अपने इतिहास तथा मिथकों के बारे में शोध और लेखन प्रारंभ किया। • उन्होंने जनजातीय प्रथाओं तथा सांस्कृतिक व्यवहारों के बारे में लिखा और उनके बारे में जानकारी प्रदान की। • इससे झारखंडियों को संगठित संजातीय चेतना तथा साझी पहचान बनाने में सहायता मिली। • साक्षर आदिवासी सरकारी नौकरियाँ पाने की स्थिति में भी थे जिससे समय के साथ एक मध्यवर्गीय आदिवासी बुद्धिजीवी नेतृत्व का उदय हुआ, जिसने पृथक राज्य की माँग को प्रारूप दिया तथा भारत एवं विदेशों में भी इसका प्रचार किया। • आदिवासियों ने अलग-थलग किए जाने के अनुभव तथा अन्याय के बोध को झारखंड की साझी पहचान बनाने तथा सामूहिक कार्यवाही की प्रेरणा के लिए गतिशील किया जिसके परिणाम स्वरूप अतंतः पृथक राज्य का निर्माण हुआ। (कोई छः) (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)	**1x6=6**